POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 23.04.2025

1.थाना सेक्टर-58 व अपराध शाखा पुलिस टीम द्वारा एम0आई0पी0 बाइक धोखाधडी के प्रकरण में वांछित 25,000 रूपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार।

कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 23.04.2025 को थाना सेक्टर-58 व अपराध शाखा पुलिस टीम द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से एम0आई0पी0 बाइक धोखाधडी के प्रकरण में वांछित 25,000 रूपये का इनामी अभियुक्त मनिन्दर कुमार पुत्र मोहन प्रसाद राय को उसके निवास स्थान से **गिरफ्तार** किया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-- अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मै एम0आई0पी0 कम्पनी का डायरेक्टर/प्रमोटर/एकाउंन्टेन्ट था। मेरे द्वारा जनता के लोगो को एडवाईज किया जाता था कि एक बाइक लगाने हेतु 62,100 रूपये जमा करेंगे तो उसे 10,100 रूपये प्रतिमाह 01 वर्ष तक मिलेंगे तथा 5,000 रुपया कमीशन उसी वक्त मिलेगा और एक वर्ष में आपके रूपये दोगुने हो जायेंगे। मैं व मेरे साथी राजेश खण्डवाल दोनो मैपल इनोवेटिव प्रमोटिव के डायरेक्टर थे और कम्पनी के नाम से दो खाते थे जिसमें निवेशको के करोड़ों रूपये आये थे। मैं उक्त कम्पनी में डायरेक्टर के साथ-साथ एकाउंटेन्ट और प्रमोटर भी था। निवेशको का नकद पेमेन्ट मैं ही लेता था। इसके बाद मैं और मेरे सभी साथी अपना-अपना शेयर लेकर फरार हो गये। मैं भी बहुत लोगो से बाइक के रुपये लगवा चुका था काफी लोगों के पैसे मेरे द्वारा लगे थे इसके बाद मै भी नोएडा से भाग गया था।

अभियुक्त करीब 05 वर्षो से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस उच्चाधिकारीगण द्वारा इसकी गिरफ्तारी पर 25,000 रूपये का इनाम घोषित था।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--

1. मनिन्दर कुमार पुत्र मोहन प्रसाद राय निवासी रायभवन आर भट्ट आईटीआई फुलवार निचितपुर रेलवे स्टेशन रामडीह थाना कतरास जिला धनबाद झारखण्ड़।

अपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0सं0-365/19, धारा 420, 467, 468, 120बी भादवि थाना सै0-58, नोएडा।
2. मु0अ0सं0-03/20, धारा 420, 467, 468, 120बी भादवि थाना सै0-58, नोएडा।
3. मु0अ0सं0-04/20, धारा 420, 467, 468, 120बी भादवि थाना सै0-58, नोएडा।

4. मु0अ0सं0-06/20, धारा 420, 467, 468, 120बी भादवि थाना सै0-58, नोएडा।
5. मु0अ0सं0-07/20, धारा 420, 467, 468, 120बी भादवि थाना सै0-58, नोएडा।
6. मु0अ0सं0-234/20, धारा 406, 506 भादवि थाना सै0-58, नोएडा।